Patrika (Indore), 6th April 2023, Page-04

# स्टार्टअप्स की बारीकियां समझाईं

पत्रिका @ इंदौर. छात्रों और युवा उद्यमियों के बीच उद्यमिता कौशल को बढ़ाने के लिए एडवांस्ड सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप (एसीई) द्वारा कॉलेजों में स्टार्टअप बूस्ट कैंप के आयोजन किए गए। आइआइटी इंदौर एसीई फाउंडेशन, एमपी स्टार्टअप सेंटर द्वारा आर्थिक रूप से समर्थित चार दो दिवसीय स्टार्टअप बूस्टकैंप सफलतापूर्वक किए। ये कैंप मेडीकैप्स यूनिवर्सिटी, आइपीएस एकेडमी, माधव साइंस कॉलेज, उज्जैन और रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए थे। यहां स्टार्टअप सहित कुल लगभग 529 छात्र प्रतिभागियों ने भाग लिया। आइआइटी इंदौर के डायरेक्टर प्रो.सुहास जोशी ने कहा कि यह सबसे बड़ी आउटरीच गतिविधियों में से एक है।